# चिकित्सा जांच नियम

टीएचडीसीआईएल में रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित चिकित्सा प्रतिमानकों / मानकों की पुष्टि करना अपेक्षित है ताकि वे अपनी ड्यूटी प्रभावशाली ढंग से पूर्ण करने में सक्षम हों।

1.0 मानसिक तथा शारीरिक रूप से अच्छा स्वास्थ्य तथा एक मजबूत शारीरिक गठन।

2.0 शारीरिक अस्वस्थता या जन्मजात या बाद में उत्पन्न हुई असामान्यता से मुक्त, जो कर्तव्यों के प्रभावी निष्पादन में अवरोध उत्पन्न करती हो।

3.0 किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक कुपोषण न हो।

4.0 जोड़ों तथा चलने वाले अंगों के कार्य सामान्य सीमाओं के अंदर हो।

5.0 पुराने अस्थिभगों या खोपड़ी की हड्डियों के दबाव से विकृति न हो।

## 6.0 ऊंचाई तथा वजन

6.1 विभिन्न समूहों के लिए मानक वजन की तालिका नीचे दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी / कम्पनी के चिकित्सा अधिकारी ऊंचाई तथा वजन की छूट देने के इस हद तक सक्षम होंगे कि ऐसी छूट नौकरी के कार्य निष्पादन में बाधा न डाले। चालकों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 162 सेंटीमीटर अपेक्षित है।

### ऊंचाई-वजन तालिका

क. **पुरुष**

| ऊंचाई<br>से.मी. | 20-24 वर्ष<br>कि.ग्रा. | आयु 25-29 वर्ष<br>कि.ग्रा. | 30-34 वर्ष<br>कि.ग्रा. |
|---|---|---|---|
| 152.5 | 48 | 49 | 50 |
| 155.0 | 49 | 50 | 51 |
| 157.5 | 50 | 51 | 52 |
| 160.0 | 51 | 52 | 53 |
| 162.5 | 52 | 53 | 54 |
| 165.0 | 53 | 54 | 56 |
| 167.5 | 54 | 56 | 58 |
| 170.0 | 56 | 58 | 60 |
| 172.5 | 58 | 60 | 62 |
| 175.0 | 60 | 62 | 64 |
| 177.0 | 62 | 64 | 66 |
| 180.0 | 64 | 66 | 68 |
| 183.0 | 66 | 68 | 70 |
| * | | | |

* प्रत्येक 3 सेंटीमीटरों की अतिरिक्त ऊंचाई के लिए वजन में 2 कि.ग्रा. जोड़ें।

6.2 ऊंचाई का मापन सेंटीमीटरों में प्रत्येक बार पर पैर रखकर तथा वजन घुटनों को इकट्ठा करके एडियों पर खड़े होकर लिया जाएगा। पंजों पर खड़े होने या एडियां उठाने की प्रवृति से सख्ती से बचना चाहिए। उम्मीदवार सीधे खड़े होंगे, चिन्ह को स्टैन्ड की समानांतर बार के अंतर्गत स्तर में सिर के

शीर्ष में लाना है तथा एडियों, नितम्बों तथा कंधों में स्टैन्ड के उर्ध्वाकार भाग को स्पर्श करते हुए शरीर को पूरी तरह ढीला छोड़कर रीढ़ सीधी परन्तु अकड़ी नहीं होनी चाहिए।

## 6.3 छाती

पूरी तरह फुलाने पर छाती का मापन 79 से.मी. स्वीकार्य है। (5 सेंटीमीटर की छूट तथा न्यूनतम फुलाव 5 से.मी. है) फुलाव की रेंज 4 से.मी. अर्थात 20% का अंतर स्वीकार्य होगा। यह स्त्री अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगा।

## 6.4 मापन

अभ्यर्थी पैरों को एक साथ करके तथा बाजुओं को सिर की ओर उठाएगा। मापने वाले टेप को छाती के चारों तरफ समानांतर के साथ इसके ऊपरी सिरे कंधे के ब्लेडों के आंतरिक कोणों को छूए। बाजूओं को शरीर की तरफ से ढीला लटकने दिया जाएगा। अभ्यर्थी को कंधों को ऊपर या पीछे करके टेप को हटाने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवार को छाती की मांसपेशियों या कंधों के सिरों को सुकड़ाए बिना गहरी सांसे लेने के लिए निर्देश दिए जाएंगे। छाती का अधिकतम तथा न्यूनतम फुलाव को तब सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा जो 70-75, 78-84 आदि होगा। सेंटीमीटर के 0.5 से कम के अंश को छोड़ दिया जाएगा तथा 0.5 को एक मान लिया जाएगा।

**स्त्रियों के लिए,** शारीरिक विकास की सामान्य स्थिति को लिया जाएगा तथा प्रत्येक मामले में शरीर का वजन रिकार्ड किया जाएगा।

## 7.0 आंख

दृष्टि प्रखरता तथा रंग के ज्ञान के बारे में जांच के मानक तथा प्रकियाएं निम्न प्रकार से हैं:-

अभ्यर्थियों की आंखों का परीक्षण किया जाएगा तथा परीक्षा के परिणामों को निम्नलिखित नियमों के अनुसार दर्ज किया जाएगा:

### 7.1 सामान्य

किसी बीमारी या असामान्यता के लिए अभ्यर्थी के आंखों की सामान्य जांच की जाएगी। यदि अभ्यर्थी आखों, आंख की पलकों या संस्पर्शी ढांचों की ऐसी विकृत स्थिति से ग्रसित है जिससे वह भर्ती के समय या भविष्य में सेवा के लिए अयोग्य घोषित पाया जाए तो अभ्यर्थी को अनुपयुक्त घोषित किया जा सकता है।

### 7.2 दृष्टि प्रखरता

दृष्टि की प्रखरता की जांच के निर्धारण के लिए दो परीक्षण सम्मिलित हैं, एक दूरी के लिए तथा दूसरा नजदीक की दृष्टि के लिए। प्रत्येक की जांच अलग से की जाएगी।

7.2.1 विभिन्न वर्गों के कार्मिकों के लिए दृष्टि प्रखरता का मानक, चश्मे के साथ या बिना चश्मे के नीचे दी गई तालिका के अनुसार होगा:

| | आयु | दूर | दृष्टि | नजदीक | दृष्टि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **बेहतर आंख** | **खराब आंख** | **बेहतर आंख** | **खराब आंख** |
| ई-1 तथा ऊपर के कर्मचारियों के लिए | 35 वर्ष की आयु से नीचे | 6 / 9 या 6 / 6 | 6 / 9<br>6 / 12 | एसएन. 0.6 | एसएन. 0.6 |
| | 35 वर्ष की आयु से ऊपर | 6 / 12<br>6 / 9 | 6 / 12<br>6 / 18 | एसएन. 0.8 | एसएन. 0.8 |
| अन्य (सिवाय सुरक्षा / अग्निशमन सेवाएं कार्मिक) | 35 वर्ष की आयु से नीचे | 6 / 9<br>6 / 9 या<br>6 / 18 या<br>6 / 12 | 6 / 12<br>6 / 60<br>6 / 18<br>6 / 24 | एसएन. 0.6 | एसएन. 0.6 |
| | 35 वर्ष की आयु से ऊपर | 6 / 12 या<br>6 / 24 या<br>6 / 18 | 6 / 60<br>6 / 24<br>6 / 36 | एसएन. 0.8 | एसएन. 0.8 |

7.2.2 फंडस जांच : मायोपिया के प्रत्येक मामले में फंडस जांच की जानी चाहिए तथा परिणाम रिकार्ड किए जाने चाहिए। किसी पैथोलॉजिकल दशा के उपस्थित होने, जिसमें उत्तरोत्तर वृद्धि होने की संभावना है तथा जो उम्मीदवार की दक्षता को प्रभावित करती है, उसे अयोग्य घोषित कर देना चाहिए। मायोपिया की कुल संख्या (सिलेंडर सहित) -4.00 डी से अधिक नहीं होगी। हाइपर मैट्रोपिया की कुल संख्या (सिलेंडर सहित) प्रत्येक आंख में +4.00 डी से अधिक नहीं होगी।

7.2.3 फंडस तथा मीडिया स्वस्थ तथा सामान्य सीमाओं में होने चाहिए।

7.2.4 बढ़ते हुए मायोपिया का संकेत देने वाले विटीरयस या कोरिमोइटिनिज के उत्पन्न होने का कोई संकेत न हो।

7.2.5 दोनों आंखों में दृष्टि के पूरे क्षेत्र में द्विनेत्री दृष्टि, समेकन फैकल्टी अच्छी होनी चाहिए।

7.2.6 कोई ऐसी जैविक बीमारी नहीं होनी चाहिए जिसके कारण उत्तेजना या वियोग की संभावना हो।

7.2.7 यदि कोई अभ्यर्थी केवल मायोपिया के आधार पर अयोग्य पाया जाता है, तो मामला अन्य नेत्र-विशेषज्ञ के पास यह मूल्यांकन करने के लिए भेजा जाना चाहिए कि यह मायोपिया पैथोलॉजीकल है या नहीं। यदि यह पैथोलॉजीकल नहीं है, तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी / कम्पनी के चिकित्सा अधिकारी अभ्यर्थी को योग्य घोषित कर सकते हैं यदि वह ऊपर 7.2.1 के अनुसार दृष्टि की अपेक्षाएं पूरी करता है।

7.2.8 कलर विजन : सभी अभ्यर्थियों के लिए कलर विजन का परीक्षण अनिवार्य होना चाहिए। कलर विजन का परीक्षण इशीहारा के आइसोक्रोमेटिक प्लेट्स के साथ अच्छे प्रकाश में होना चाहिए।

7.2.9 दृष्टि क्षेत्र : दृष्टि क्षेत्र का परीक्षण कानफ्रंटेशन विधि से किया जाना चाहिए। जहां ऐसा परीक्षण असंतोषजनक या संदिग्ध परिणाम देता है तो दृष्टि क्षेत्र को स्क्रीनर / पैरामीटर पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

7.3 तीव्र दृष्टि के अलावा नेत्र परिस्थितियां

**वर्णाधंता**

7.3.1 अनुमेय : खरीद, बिक्रियों लेखा, शासकीय (लिपिकीय तथा स्टोर-कीपिंग) कैन्टीन चपरासियों, जमादारों, अप्रेंटिश अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अप्रेंटिशों तथा अन्य कोई वर्ग जिसमें खराब कलर दृष्टि के कारण उनके काम में रुकावट न हो या उनके साथ काम कर रहे अन्यों के लिए जोखिम उत्पन्न न हो, में रोजगार के लिए अयोग्य नहीं होंगे।

7.3.2 अनुमेय नहीं : वर्णाधंता निम्नलिखित वर्ग के कार्मिकों के लिए अयोग्यता है।

(क) कलर संकेतों की पहचान जुड़ी मशीनों के साथ काम करने वाला औद्योगिक स्टाफ
(ख) प्रयोगशाला कार्य में कार्यरत तकनीशियन तथा केमिस्ट्स
(ग) क्रेन प्रचालन तथा पॉइन्ट्समैन
(घ) ड्राफ्टसमैन
(ड.) इलैक्ट्रिशियन
(च) वैज्ञानिक सहायक
(छ) सभी श्रेणियों के चालक
(ज) तकनीकी अप्रेंटिश
(झ) सुरक्षा कर्मी
(ञ) डाक्टर
(त) अन्य व्यवसाय जहां रंगों का प्रत्यक्ष ज्ञान अनिवार्य समझा जाता है।

ऐसी श्रेणियों के संदर्भ में जो यहां सम्मिलित नहीं हैं जिनमें अभियंता एवं अभियंता प्रशिक्षु शामिल हैं, महाप्रबंधक वर्णाधंता से पीड़ित किसी उम्मीदवार को उसकी नियुक्ति के पद/पदों की कार्य प्रकृति को ध्यान में रखते हुए चिकित्सीय रूप से फिट घोषित कर सकते हैं बशर्ते वह सभी अन्य पहलुओं में चिकित्सीय रूप से फिट घोषित हो।

7.3.3 जब कभी कोई कर्मचारी जो वर्णाधंता से ग्रस्त है, की तैनाती या स्थानांतरण किसी ऐसे स्थान पर किया जाता है जहां कलर का प्रत्यक्ष ज्ञान अपेक्षित है। तो दृष्टि एक्यूटि के लिए जांच के साथ इसके लिए उसकी आंखों की पुन: जांच की जाएगी।

7.3.4 रतौंधी : चिकित्सा अधिकारी अपने विवेक से ऐसे परीक्षण की व्यवस्था करेगा जैसे कि दृष्टि एक्यूटि की रिकार्डिंग के साथ कम प्रकाश या अभ्यर्थी को एक अंधेरे कमरे में विभिन्न वस्तुओं की पहचान करवा कर देखें, इससे पहले उसे 20 से 30 मिनट के लिए वहां रखें। उम्मीदवारों के कहने पर हमेशा विश्वास न करके, परन्तु इन पर विचार किया जाना चाहिए।

7.3.5 कोई जैविक बीमारी या एक उत्तरोत्तर अपवतक त्रुटि जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि एक्यूटि कम होने की संभावना है, वह अयोग्यता मानी जाएगी।

7.3.6 ट्राकोमा : ट्राकोमा, जब तक जटिल न हो, साधारणतया अयोग्यता का कारण नहीं होना चाहिए।

7.3.7 भेंगा होना : तकनीकी सेवाओं / कुशल कार्यों, जहां बाइनोकलर दृष्टि अनिवार्य है, दृष्टि एक्यूटि निर्धारित मानकों के अनुसार होने पर भी भेंगापन को अयोग्यता के रूप में माना

जाना चाहिए। अन्य सेवाओं के लिए भेंगेपन को अयोग्यता नहीं माना जाना चाहिए यदि प्रत्येक आंख की दृष्टि एक्यूटि निर्धारित मानक की है।

7.3.8 एक आंख वाला व्यक्ति : अनुसचिवीय तथा सम्बद्ध नौकरियां, जहां द्विनेत्री दृष्टि अनिवार्य नहीं है, को छोड़कर, नियमित सेवा के लिए एक आंख वाले व्यक्ति को अयोग्य माना जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पूर्वानुमान या कार्य कर रही आंख अच्छी है तथा इसकी दृष्टि खराब आंख की स्थिति के कारण खराब होने के खतरे की संभावना नहीं है तथा निर्धारित दृष्टि एक्यूटि मानक पूरी तरह से संतुष्ट हैं।

7.3.9 कॉनटेक्ट लैंस : कॉनटेक्ट लैंसों के साथ दृष्टि ठीक होने से रोजगार में कोई रुकावट नहीं है, बशर्ते निर्धारित मानक पूरे हों।

## 8.0 कान

अभ्यर्थी को कान की किसी सक्रिय बीमारी से मुक्त होना चाहिए। अभ्यर्थी एक शांत कमरे में 20 फुट की दूरी पर दोनों कानों से फुसफुसाहट की आवाज अलग से सुनने में समर्थ होना चाहिए। इस परीक्षण में असफल अभ्यर्थी, चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित किया जाएगा।

**सुनने के परीक्षण के लिए प्रकिया :** जांचकर्ता चिकित्सा अधिकारी अभ्यर्थी के सुनने के मानकों का परीक्षण एक शांत कमरे में करेगा। अभ्यर्थी का परीक्षण चिकित्सा अधिकारी के साथ एक दूसरे से 20 फीट की दूरी पर खड़े होकर किया जाएगा। दोनों कानों की जांच अलग-अलग की जाएगी। जिस कान का परीक्षण नहीं किया जा रहा है, उसे प्राच्छादन अपरेटस या परिचर द्वारा कर्णपाली के विरुद्ध एक कागज के टुकड़े से रगड़ने के द्वारा किया जाएगा। अभ्यर्थी की जांच करने वाले चिकित्सा अधिकारी के साथ समकोणों पर मुंह करके जांच किए जाने वाले कान को सामने रखकर किया जाएगा। वह फुसफुसाहट की आवाज का प्रयोग करेगा (अपशिष्ट वायु के साथ फुसफुसाहट उत्पन्न करके अर्थात साधारण नि:श्वसन के बाद कहना)। यदि अभ्यर्थी फुसफुसाहट को पुन: उत्पन्न कर सके तो सुनने को सामान्य माना जाएगा। कान के पर्दे (ड्रम) में छेद वाले व्यक्ति को रेसोइया के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## 9.0 नाक

अभ्यर्थी को नाक की किसी सक्रिय बीमारी से मुक्त होना चाहिए।

## 10.0 गला

**टोंसिल की स्थिति -** टोंसिल्स की बार-बार अतिवृद्धि के साक्ष्य के बिना हल्की अभिवृद्धि के कारण निरस्त नहीं किया जा सकता। बढ़े हुए टोंसिल अस्थायी रूप से अयोग्यता का कारण बन सकते हैं जब तक टोंसिलेक्टोमी के साथ इलाज न किया जाए। गला, प्लेट, मसूड़े जबड़े, टेमपोरो-अधोहनु जोड़ तथा दंतविन्यास सामान्य सीमाओं के अंदर होने चाहिए।

## 11.0 ब्लड प्रेशर (बी पी)

ब्लड प्रेशर की सामान्य सीमाएं निम्न प्रकार से निर्धारित की जा सकती है :

| | | |
|---|---|---|
| सिस्टोलिक : | क) 15-25 वर्ष की आयु | - आयु +100 |
| | ख) 26 वर्ष की आयु तथा ऊपर | - 110+ आधी आयु |
| डाइस्टोलिक : | सभी आयु वर्ग | - 90 एम एम या नीचे |

## 12.0 ग्रंथियां

हाइपो या हाइपर थाइरोयडिस्म या लिम्फगलैंड्स में वृद्धि का कोई साक्ष्य न होने के साथ थाइराइड सामान्य होना चाहिए ट्यूबरक्यूलर ग्रंथियों को पूर्व में हटाए जाने का कोई चिन्ह, यदि कोई है तो, सामान्य होने चाहिए तथा पिछले 5 वर्षों में कोई सक्रिय बीमारी नहीं होनी चाहिए।

## 13.0 पेशाब

गैर-आरथोस्टेलिक अलबूनिमूरिया निरस्त करने का कारण हो सकता है। यदि रासायनिक परीक्षणों के दौरान शुगर का पता चल जाता है, तो फिटनेस निर्धारण से पूर्व किसी चिकित्सा विशेषज्ञ से ब्लड शुगर का मानक परीक्षण कराया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी शुगर से पीड़ित है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

## 14.0 रेडियोलॉजी जांच

सभी नए अभ्यर्थियों की छाती का एक्स-रे कराया जाएगा। जहां पर उपलब्ध हो, मास मिनीएचर रेडियोग्राफी का प्रयोग किया जाएगा। ऐसे मामले जिनमें पुलमोनरी टयूबरोक्लोसिस से पीड़ित की पहचान कर ली गई है उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों को औद्योगिक जोखिमों को ध्यान में रखते हुए रोजगार के लिए अयोग्य माना जाएगा।

## 15.0 यौन रोग

अभ्यर्थी, जो यौन रोग से पीड़ित हैं या पीड़ित चल रहे हैं, को अयोग्य घोषित किया जाएगा जब तक कि यूरीपोरल सीरम की विस्तृत जांच तथा सीरोलॉजिकल परीक्षण नकारात्मक सिद्ध नहीं होते हैं।

## 16.0 त्वचा की बीमारी

अभ्यर्थी जो कोढ़ या क्रोनिक तथा गहन त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं, को अयोग्य घोषित किया जाएगा। विटिलोगो के मामले स्वीकार्य हैं।

## 17.0 दौरे

मिर्गी से पीड़ित अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया जाएगा। जो मिर्गी के दौरों से पीडित हैं उन्हें कुछ व्यवसायों में खतरा हो सकता है। जैसे चालकों, क्रेन आपरेटरों, मैकेनिक, अग्निशमन, सुरक्षा कार्यों तथा शाप फ्लोर कार्यों, जहां मशीनरी के चलते समय दौरा आने की स्थिति में उनके जीवन को खतरा हो सकता है, उन्हें अयोग्य घोषित किया जाएगा।

## 18.0 विविध

रोजगार से पूर्व चिकित्सा जांच के समय मंदबुद्धि, पेशाब का असंयम या यूरेसिल इत्यादि का संकेत पाए जाने पर अभ्यर्थी को रोजगार के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

## 19.0 गर्भावस्था

यदि चिकित्सा जांच के समय पर कोई अभ्यर्थी 12 सप्ताह या अधिक गर्भावस्था में है, उसे अस्थायी रूप से प्रसूति के बाद 6 सप्ताह तक अयोग्य माना जाएगा। प्रसूति होने के बाद अभ्यर्थी को पंजीकृत चिकित्सा प्रेक्टिश्नर से स्वास्थ्ता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है जिससे उसे अंतिम चिकित्सा जांच के लिए बुलाया जाए।

## 20.0 दोष

जन्मजात या उपार्जित शारीरिक दोष, यदि पाए जाते हैं तो उसे एक स्पष्ट राय के साथ चिकित्सा जांच फार्म पर रिकार्ड किया जाएगा कि क्या उससे कार्यों के दक्षतापूर्ण कार्य निष्पादन में रुकावट आने की संभावना है जिसके लिए उम्मीदवार रोजगार के लिए विचाराधीन है।

प्राधिकारी : कारपोरेट कार्मिक परिपत्र सं. 03 /91 दिनांक 03.05.1991

* किसी भी विवाद की स्थिति में उपरोक्त विषय का अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

# टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड

**गोपनीय**

**इकाई** [ ]

**चिकित्सा जांच रिपोर्ट**
**(चिकित्सा विभाग के प्रयोग तथा प्रतिधारण के लिए)**

| |
|---|
| कार्मिक अधिकारी द्वारा प्रमाणित, अभ्यर्थी के हस्ताक्षर के साथ पासपोर्ट आकार का फोटो |

**भाग – 1**

पद, जिसके लिए चयनित है : -------------------------------------------------------
संदर्भ सं.:---------------------------------------------------------------------------
पूरा नाम :--------------------------------------------- आयु:-------------------------------
पिता / पति का नाम -------------------------------------- जन्म तिथि----------------------
पता----------------------------------------------------------जन्म स्थान---------------------

## उम्मीदवार का विवरण तथा घोषणा

(चिकित्सा जांच से पहले भरा जाए)

क) क्या आपको कभी स्मॉल पॉक्स, समय-समय पर या अन्य कोई बुखार, ग्रंथियों का बढ़ना या मवाद, थूक में खून, अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, बेहोशी के दौरे, गठिया, अपेंडीसाईटिस, रतौंधी हुआ है?

ख) कोई अन्य बीमारी या दुर्घटना जिसमें बिस्तर पर रहने की आवश्यकता पड़ी हो तथा चिकित्सा या शल्य चिकित्सा?

ग) क्या आपको किसी बीमारी से पीड़ित जख्म या चोटों, जो पूर्व में लगी हों, तो उसके लिए ली गई प्रतिपूर्ति, यदि कोई हो तो?

घ) आपने अंतिम बार टीके कब लगवाए?

ड.) क्या आप या आपके किसी निकट संबंधियों को कन्सप्सन, स्क्रोफ्यूला, गाऊट, अस्थमा, दोरे, इप्लैप्सी या इन्सेटिटी से पीड़ित रहे हैं?

च) क्या आप किसी भी प्रकार के नर्वस ब्रेकडाउन या मानसिक बीमारी से पीड़ित हुए हैं।

छ) क्या आपकी पिछले तीन वर्षों में सरकारी नौकरी के लिए किसी चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा बोर्ड द्वारा जांच की गई तथा अयोग्य घोषित किया गया है?

ज) अपने परिवार से संबंधित निम्नलिखित विवरण दें:

| पिताजी की आयु यदि जीवित हों तथा स्वास्थ्य की स्थिति | पिता की मृत्यु के समय आयु तथा मृत्यु का कारण | माताजी की आयु यदि जीवित हैं, और उनका स्वास्थ्य | माताजी की मृत्यु के समय आयु तथा मृत्यु का कारण |
|---|---|---|---|

| जीवित भाइयों की संख्या, आयु तथा उनके स्वास्थ्य की स्थिति | मृत भाइयों की संख्या, मृत्यु के समय उनकी आयु तथा उनके मृत्यु का कारण | जीवित बहनों की संख्या, उनकी आयु तथा उनके स्वास्थ्य की स्थिति | मृत बहनों की संख्या, मृत्यु के समय उनकी आयु तथा मृत्यु का कारण |
|---|---|---|---|

टिप्पणी : उम्मीदवार को उपरोक्त विवरण की यर्थाथता के लिए उत्तरदायी माना जाएगा। कोई सूचना जानबूझकर छिपाने पर, नियुक्ति खोने का जोखिम होगा तथा यदि नियुक्ति रद्द की जाती है तो उसे भविष्य निधि / उपदान तथा अन्य प्रतिलाभों को छोड़ना होगा।

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त उत्तर मेरे सर्वोत्तम संज्ञान से सच तथा सही हैं।

मैं प्रमाणित करता हूं कि मैंने असक्षमता प्रमाणपत्र / अन्य स्थितियों की किसी बीमारी के बारे में पेंशन नहीं ली है।

मेरे समक्ष हस्ताक्षर किए :

चि.अ. / व.चि.अ. / स.मु.चि.अ. / मु.चि.अ. के हस्ताक्षर — अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

दिनांक : — दिनांक :

**भाग – 2**

**(प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा भरा जाए)**

**क. पहचान चिन्ह** 1.---------------------------------
2---------------------------------

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **ख.** | **आकृति** | **ग.** | **ऊंचाई, वजन, छाती, तथा उदरीय घेरा** | | |
| 1. | आयु वर्ष | 1. | ऊंचाई बिना जूते | से.मी. |
| 2. | शरीर गठन अच्छा गठित / पतला गठित | 2. | वजन बिना जूते | कि.ग्रा. |
| 3. | स्वभाव संयमी / अधीर / चिड़चिड़ा | | **केवल पुरुषों के लिए** | |
| 4. | आरंभिक टीके का निशान उपस्थित/अनुपस्थित | | | |
| 5. | विकृतियां | 3. | सांस खींचकर छाती का फुलाव | से.मी. |
| 6. | आपरेशन के निशान | 4. | सांस छोड़कर छाती का फुलाव | से.मी. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **घ.** | **मुंह, नाक, कान** | **ड.** | **आंखें** | |
| 1. | दांत | 1. | दूर की दृष्टि | आर ई |
| 2. | मसूड़े | 2. | दूर की दृष्टि चश्मे के साथ | आर ई |
| 3. | जीभ | 3. | नजदीक की दृष्टि | |
| 4. | गला | 4. | पढ़ने के लिए चश्मों की शक्ति | |
| 5. | नाक | 5. | कॉनटेक्ट लैंस | |
| 6. | सुनना | 6. | क्या आंखों की या आंखों की पलकों की भैंगापन या किसी अन्य विकृति से पीड़ित है | |
| 7. | थाईपेनिक मेम्ब्रेन | 7. | दृष्टि का क्षेत्र | |
| 8. | इयर डिस्चार्ज | 8. | कलर विजन | |
| ड़. | थाइराडड ग्रंथियां | 9. | फंडस जांच (यदि सांकेतिक हो तो) | |
| | | 10. | कोई अन्य दोष | |

चिकित्सा अधिकारी/नेत्र विशेषज्ञ के प्रति हस्ताक्षर

| | | | |
|---|---|---|---|
| **च.** | **छाती** | **ज.** | **हृदय** |
| 1. | से सामान्य / विकृति | 1. | आकार |
| 2. | फेफड़े | 2. | स्थिति |
| 3. | श्वसन | 3. | दर |
| 4. | हृदय-संवहन प्रणाली | 4. | आवाजें |

**झ. रक्त वाहिकाएं**

1. नाड़ी ऊपर में तथा निम्न छोर
2. रक्त वाहिकाएं — सामान्य / गाढ़ा / वैरीकॉस वेन्स
3. ब्लड प्रेशर — सिस्टोलिक/डाइस्टोलिक/एमएम/एचजी

**ण. आहार-तंत्र**

1. जिगर
2. तिल्ली
3. अनियमिताएं
   (अर्थात, बवासीर, फिनटूला, पेप्टिक अलसर आदि)

**त. जेनीटो मूत्रीय प्रणाली**

1. पेशाब
   (क) विशिष्ट गुरुत्व
   (ख) एल्ब्यूमिन – उपस्थित / अनुपस्थित
   (ग) शुगर – उपस्थित / अनुपस्थित
   (घ) माइक्रोस्कोपिक – उपस्थित / अनुपस्थित
2. हार्निया – उपस्थित / अनुपस्थित
3. वी.डी. का साक्ष्य
4. स्क्रोटम — सामान्य / हाइड्रोसिल/ बबोनोसी/ अन्य सामान्य / अनडिसेनडिड
5. टेस्टिकिल्स

**थ. तंत्रिका-तंत्र**

1. मानसिक स्थिति
2. रिफलेक्सिस
3. प्यूपिल्स
   (क) सामान्य / असामान्य
   (ख) लाइट रिफ्लेक्ट – उपस्थित / अनुपस्थित
4. चाल
5. इलैप्सी को छोड़कर तंत्रिका-तंत्र की बीमारी के अन्य विशिष्ट साक्ष्य जैसे लकवा, वेस्टिंग, टर्मर्स, अनियमित गति आदि ।

**द. प्रजनन तंत्र**

(स्त्री अभ्यर्थियों के लिए)

1. मासिक चक्र का इतिहास — नियमित / अनियमित
2. छातियां
3. समयावधि के साथ गर्भावस्था
4. स्थानीय/ पी.वी. / पी.एस
   जांच (यदि अपेक्षित हो)

ध.     जांच

1. खून की जांच
    क. नियमित
    ख. ग्रुप
2. मल
3. लार (यदि अपेक्षित हो)
4. छाती का एक्सरे
5. अन्य जांच

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती / कु. ------------------------------------------ पद ---------------के लिए चयनित एक अभ्यर्थी है, जिसके हस्ताक्षर / अंगूठा निशान नीचे दिए गए हैं, चिकित्सीय रूप से योग्य/ अयोग्य / अस्थायी अयोग्य है।

टिप्पणी

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर / अंगूठा निशान                    प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी

समक्ष हस्ताक्षर :

प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी
दिनांक

प्रतिहस्ताक्षर
मुख्य चिकित्सा अधिकारी